प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 07.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को आज विधानसभा में मिल सकती है नेता प्रतिपक्ष की मान्यता, भाजपा ने स्पीकर को सौंपा आग्रह पत्र।
2. रांची के सिरमटोली सरना स्थल के सामने बनाए गए रैम्प के विरोध में आदिवासी संगठनों का प्रदर्शन, विधानसभा में उठा मामला, सदन ने आदिवासी समाज की भावना का किया सम्मान, स्पीकर ने कहा– सरहुल पर्व में नहीं आनी चाहिए बाधा।
3. रांची विश्वविद्यालय का 38वें दीक्षांत समारोह में 63 टॉपरों को मिला गोल्ड मेडल, राज्यपाल ने शोध और नवाचार पर दिया जोर।
4. पूर्व विधायक सीता सोरेन पर धनबाद में हमले की कोशिश, पूर्व पीए गिरफ्तार, रांची में कोयला कारोबारी को दिनदहाड़े मारी गोली।
5. आज जन औषधि दिवस है, झारखंड में आर्थिक रुप से कमजोर रोगियों के लिए वरदान साबित हो रही हैं जेनरिक दवाइयां।

******************

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी जा सकती है। भाजपा की ओर से इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो को आग्रह पत्र सौंपा गया है।

******************

रांची के सिरमटोली सरना स्थल के सामने बनाए गए रैम्प को लेकर आदिवासी संगठनों ने आज हरमू रोड से लेकर विधानसभा तक मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया। इस बीच विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरावं ने यह मामला उठाया।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आदिवासियों की भावना का ध्यान रखते हुए सदन से इस मामले में नियमन लाने का आग्रह विधानसभा अध्यक्ष से किया।

इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने नियमन दिया कि ऐसी व्यवस्था कायम की जाये कि सरहुल पर्व पर किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

******************

रांची विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह आज रांची के मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप आयोजित किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने 63 टॉपरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। मौके पर उन्होंने शोध और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

******************

भाजपा नेता और दिशोम गुरू शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन के ऊपर जानलेवा हमले की कोशिश की गयी है। इसका आरोप उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष पर लगा है। घटना धनबाद जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र में घटी जब वे शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। बताया जाता है कि पूर्व पीए ने सीता सोरेन पर फायरिंग की कोशिश की। हालांकि इससे पहले ही उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

******************

इधर, रांची के बरियातू इलाके में दिनदहाड़े कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर हमला किया गया है। कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर टारगेट कर गोली चलायी गयी, जिसमें वे घायल हो गए हैं। घायल कोयला कारोबारी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

******************

खूंटी जिले में पुलिस ने चर्चित पुखराज कुमार हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने सुकरीडीह गांव के पास दफन किये गये पुखराज का सिर बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि आरोपियों के पास से पुखराज से लूटे गये 17 लाख रुपये में से आठ लाख रुपये और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं।

******************

आज जन औषधि दिवस है। लोगों को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के उदेश्य से नवंबर 2008 में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना आरंभ की गई थी। झारखंड में भी इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है और जेनरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा मिला है। रामगढ़ जिले के लाभुकों ने कहा है कि जन औषधि केंद्र उनके लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

इस बीच रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा है कि यह केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिली है।

******************

उधर, हजारीबाग जिले में भी जन औषधि केन्द्र लोगों को राहत प्रदान कर रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

******************

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में रांची समेत राज्यभर में अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम वैज्ञानिक डा. अभिषेक आनंद ने बताया कि 10 मार्च तक रांची का पारा 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

******************

जेएससीए सीनियर डिस्ट्रिक टूर्नामेंट का फिक्सर जारी कर दिया गया है। हालांकि क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अभी इस बारे में अधिकृत सूचना जारी नहीं की गई है। टूर्नामेंट के सभी मैच रांची में होंगे।

***************